हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 4 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 सिरपुर बगईकोन्हा में हुईं खेल प्रतियोगिताएं बालिकाओं ...



10 2500 छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए ...





खबर संक्षेप



## श्री बाबा रामदेव का जन्मोत्सव आज से

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव धर्मार्थ सेवा समिति एवं श्री बाबा रामदेव महिला मंडल बालोद द्वारा श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में श्री बाबा रामदेव का जन्मोत्सव 4 से 14 सितंबर तक मनाया जाएगा। इसमें प्रतिदिन सुबह 8 बजे व शाम की आरती 7:30 बजे की जाएगी। वहीं, 8 सितंबर को भव्य जागरण देवेन्द्र राठी का आयोजन होगा। इस दौरान तीन जम्मा जागरण कार्यक्रम किया जाएगा। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को सुबह 8:30 बजे ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। उसके बाद 9:30 बजे प्रथम जम्मा जागरण का आयोजन किया जाएगा। 8 को रात्रि 9 बजे से ब्रम्हमुहूर्त द्वितीय जम्मा जागरण किया जाएगा। 13 सितंबर को सुबह 9 बजे हवन, दोपहर 12 बजे महाप्रसादी तथा रात्रि 9:30 बजे से तृतीय जम्मा जागरण का आयोजन किया जाएगा। 14 सितंबर को दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से निकलेगी।

## खुटेरी (अचौद) में सामूहिक करुभात कार्यक्रम कल

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम खुटेरी (अचौद) में तिजहारिन बहनों के लिए 5 सितंबर को रात्रि में सामूहिक करुभात भोज का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष यशवंत यदु ने बताया कि गांव में पिछले 5 वर्षों से इस तरह का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसमें गांव के सभी लोगों की सहभागिता रहती है। उन्होंने बताया कि करु भात के दिन अपरान्ह 11 बजे से तिजहारिन बहनों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया जाता है। इसमें भाग लेने एवं जीतने वाली बहनों को समिति द्वारा सम्मान एवं उपहार प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि रात्रि में सभी तिजहारिन बहनों को एक साथ बैठाकर सामूहिक करुभात खिलाया जाता है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 सितंबर को सुबह 12 बजे से पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय स्तर से प्राप्त विभिन्न जानकारी दी जाएगी। साथ ही लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता पर भी चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने सभी पेंशनरों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

## पसौद में कल सामूहिक रूप से खिलाया जाएगा करूभात

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद में तीज पर्व के अवसर पर 5 सितम्बर को सामूहिक करुभात भोज का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण चुरामन यादव, कामता साहू, खुमान साहू एवं राजेंद्र साहू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गांव में तीजा मनाने आने वाली बेटियों को एक साथ बैठाकर करूभात खिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार सामूहिक करूभात भोज का यह 9 वां वर्ष है। इस बार गांव में तीजा पर्व मनाने के लिए आई लगभग 1100 बेटियों को सामूहिक रूप से करूभात खिलाया जाएगा।

**परेशानी :** दुर्ग तहसील के नवीन प्राथमिक विद्यालय जंजगिरी में ऐसी अव्यवस्था

# पहली से 5 वीं तक के बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा पूरा सिर्फ प्रधानपाठक पर






संजय कुमार साहू ▶▶| अंडा

शिक्षा व्यवस्था की बदतर स्थिति का उदाहरण नवीन प्राथमिक विद्यालय जंजगिरी, दुर्ग तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जंजगिरी में देखने को मिल रहा है। जंजगिरी नवीन शासकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी शिक्षा अभियान को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। विद्यालय में बच्चे तो पढ़ने के लिए आते हैं, लेकिन पढ़ाई कम और खाली बैठे रहना उनकी मज़बूरी हो गई है। वहीं, यहां पदस्थ एकमात्र शिक्षिका भी इसे लेकर अपने आपको असहाय महसूस करती हैं, उनसे जो बन पड़ता है, अपनी ओर से बच्चों को पढ़ाने की पूरी कोशिश करती हैं।

आज़ सरकार शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं बना और चला रही है, लेकिन जब विद्यालय में शिक्षक ही नहीं उपलब्ध करवा पाए, तो बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा कैसे मिल पाएगी। आज़ हर पालक अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा प्राप्त करवाना चाहता है, लेकिन जिले के शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही या जानबूझकर की आ रही ऐसी अव्यवस्था के कारण बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इसी ग्राम में एक और प्राथमिक विद्यालाय है, जहां 5 शिक्षक हैं, लेकिन इसी ग्राम में आबादी पारा एक ही शिक्षक है और पांच कक्षाएं हैं।

शासकीय विद्यालय में करीब 67 बच्चे हैं, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में कोई स्थाई शिक्षक शिक्षा देने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इस विद्यालय में कक्षा पहली और दूसरी एक कक्षा में तो वहीं कक्षा तीसरी और चौथी एक कक्षा में संचालित होती है। स्कूल में पहली से पांचवीं तक के बच्चों को मिलाकर 67 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पूरे स्कूल में सिर्फ एक शिक्षक तैनात हैं। यह स्थिति देखकर अभिभावक अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेजने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में नौनिहालों का भविष्य कैसे बेहतर बन सकेगा।

### कई बार दे चुके आवेदन

नवीन प्राथमिक विद्यालय आबादी पारा जंजगिरी के पालक संघ अध्यक्ष पूर्णिमा देशमुख, तामेश्वरी देशलहरे, प्रज्ञा नद साहू, तामेश्वरी देशमुख, कमल सिंह सुकतेल ने बताया कि हमारे गांव के बच्चे स्कूल आते हैं। लेकिन, पढ़ाने के लिए प्रधानपाठक के अलावा कोई स्थाई शिक्षक नहीं है। कई बार इस सम्बन्ध में स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी सुनवाई नहीं हो पाई है। हमारे गांव की प्राथमिक विद्यालय में 2 शिक्षक होना जरूरी है। मामले की जानकारी के लिए खंड शिक्षा अधिकारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### प्रमोशन पर चली गई एक शिक्षिका

प्राथमिक शाला की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ प्रधान पाठक पर है। जबकि नियम के मुताबिक 2 स्थाई शिक्षक स्कूल में होना अनिवार्य है। किसी भी एकल शिक्षक को नहीं हटाया जा सकता, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में जो शिक्षिका थीं, उनका प्रमोशन होने के बाद वे ग्राम खम्हरिया स्कूल चली गईं। एक प्रधानपाठक हैं, बच्चों को पढ़ाने के साथ ही विभागीय कार्य भी करते हैं। अब स्कूल की शिक्षा व्यवस्था का अंदाजा लगा लीजिए कि पहली से लेकर पांचवीं तक के सभी बच्चे एक की शिक्षक के हवाले होंगे, तो एक शिक्षक क्या पढ़ा पाएगा और बच्चों को क्या समझ आएगा।

# ट्रेन के सामने ट्रैक पर लेट गया युवक, बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पैसेंजर ट्रेन को आते देख एक युवक अचानक ट्रेक पर लेट गया। ट्रेन की रफ्तार धीमी थी, वहीं इस हादसे में ट्रेन चालक की सूझबूझ के चलते युवक की जान बच गई।

- सोमवार रात बालोद रेलवे स्टेशन से पास हुई दुर्घटना

हालांकि ट्रेन की टक्कर से युवक के सिर व हाथ में चोट आई है। घटना सोमवार की देर रात करीब 10:30 से 11 बजे बालोद रेलवे स्टेशन से महज 300 मीटर की दूरी पर पाररास वार्ड नं 20 के अंडरब्रिज के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार पाररास निवासी लक्ष्मीनारायण गंधर्व शराब के नशे में रेलवे ट्रेक पर लेट गया था। वहीं, रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन धीमी गति से आगे बढ़ने लगी। ट्रेन के चालक ने युवक को ट्रैक पर देखते ही हॉर्न बजाया, लेकिन वह नहीं हटा। इस पर ट्रेन की धीमी गति होने के कारण चालक ने ब्रेक लगाया, उसके बाद भी युवक ट्रेन के चपेट में आ गया। हालांकि युवक की जान तो बच गई, लेकिन उसके सिर और हाथ में कई जगहों ओर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

### दो दिन पहले जेल से रिहा हुआ था युवक

स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल युवक दो दिन पहले ही चोरी के मामले में जेल से छूटकर बाहर आया था। युवक आत्महत्या की नियत से ट्रैक पर लेटा था या नशे की हालत में गिर पड़ा था यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। बहरहाल युवक घायल अवस्था में है। उससे पूछताछ के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## नवपदस्थ सीएमओ दिलीप ने ग्रहण किया पदभार



**अर्जुंदा।** नगर पंचायत के सीएमओ कमल चौहान का स्थानांतरण होने पर नए सीएमओ दिलीप यदु ने पदभार ग्रहण कर लिया। श्री लहरे का स्थानांतरण थानखमरिया नगर पंचायत में सीएमओ के पद पर हो गया है। नव नियुक्त सीएमओ दिलीप यदु इससे पहले अंबागढ़ चौकी नगर निगम में कार्यरत थे। मंगलवार को नए सीएमओ यदु ने अर्जुंदा कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही दिलीप यदु ने नगर का पैदल भ्रमण कर नगर के भौगोलिक संरचना को समझने का प्रयास किया। इस दौरान नगर में फैली गंदगी एवं खरपतवारों को देख नगर पंचायत के सफाई के जिम्मेदार कर्मचारियों को इस दिशा में ध्यान देने एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। नवपदस्थ सीएमओ से जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर नगर की सफाई तथा धीमी गति से चल रहे कार्यों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

# खलारी के ग्रामीणों ने सचिव को हटाने कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खलारी के सचिव को हटाने के लिए ग्रामीणों ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर से गुहार लगाई है।

वार्ड पंचों दिनेश यादव, धनुष कुमार, राजेश गोटा सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान सचिव राजेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा ग्राम पंचायत के गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से समयावधि में नहीं किया जाता है। कभी-कभी तो शासन से आदेशित ग्राम सभा का आयोजन भी नहीं किया जाता। इसके साथ ही पेंशन, राशन कार्ड तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता जैसे आवेदन पत्र को हितग्राहियों से प्राप्त कर उच्च कार्यालय को प्रेषित न कर ग्रामवासियों को गुमराह करते रहते हैं। इसके साथ ही कई बार नशे की हालत में भी कार्यालय पहुंचने का आरोप शिकायतकर्ताओं ने लगाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत खलारी में पदस्थ हुए हैं, तब से ग्रामवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए उन्हें तत्काल हटाकर किसी दूसरे की पदस्थापना करने की मांग की गई है। इसके साथ ही सचिव को नहीं हटाए जाने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

# मुण्डरा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग, कलेक्टर से मिले ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मांग को लेकर जनदर्शन में दिया आवेदन

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसाही के आश्रित ग्राम मुण्डरा के ग्रामीणों ने स्वतंत्र पंचायत की मांग को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत परसाही के आश्रित ग्राम मुण्डरा की जनसंख्या नियमानुसार पर्याप्त होने के कारण स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां की जनसंख्या एक हजार से ज्यादा है। वर्तमान में आश्रित होने के कारण ग्राम मुण्डरा में मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी है, जिसके कारण ग्रामीणों ने स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग की है।

ग्रामीण अशोक कुमार, दीनदयाल कुर्रे ने बताया कि गाँव की सड़कें व पेयजल व्यवस्था जैसी अनेक मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को वँचित होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम मुण्डरा को नवीन पंचायत का दर्ज मिल जाएगा, तो गाँव का विकास हो सकता है। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रमुखता से हो पाएगा और ग्रामीणों को बेहतर जीवन के लिए वैकल्पिक सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। ग्रामीण विकेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय परसाही आने-जाने के लिए लगभग ढाई किलोमीटर की लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### पाइप बिछाने के बाद ठीक से नहीं पाटा गड्ढा, हो रही परेशानी



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजईडीह के आश्रित ग्राम बर्रापारा (संजारी) से गंजईडीह मार्ग पर लगभग 500 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग के किनारे नल-जल योजना के तहत खरखरा जलाशय से पाइप लाइन विस्तार कार्य हुआ है। इसके लिये सड़क के किनारे गड्ढा खोदा गया था। लेकिन, पाइप बिछाने के बाद ठेकेदार की लापरवाही से गड्ढे को सही तरीके से पाटा नहीं गया। इसके कारण राहगीरों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रास्ते पर चलने वाली गाड़ियाँ कई बार फंस चुकी हैं। इसके साथ ही हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने इस गड्ढे को अच्छी तरह से पाटने की मांग की है।



## खबर संक्षेप



### रामसागर पारा में बैल दौड़ का आयोजन

**रायपुर।** पोरा महोत्सव में बैल दौड़ करा कर आकर्षक उपहार शील्ड, प्रोत्साहन राशि के साथ सभी बैल मालिकों का पुष्प गमछे से सम्मान किया गया। पिछले बहुत वर्षों से चले आ रहे पारंपरिक पोरा तिहार रामसागर पारा में बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में मेन रोड पर मंच लगा कर बैल दौड़ का आयोजन कराया गया। इसमें समस्त बैल जोड़ों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सम्मान राशि के रूप में सर्वश्रेष्ठ बैल जोड़ों को 7100 रुपये एवं प्रथम बैल जोड़े को 5100 रुपये, द्वितीय बैल जोड़े को 4100 रुपये एवं अन्य सभी बैल जोड़ों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3100 रुपये की उपहार राशि दी गई। साथ ही प्रशस्ति पत्र देकर सभी बैल जोड़ों के मालिकों का उत्साह वर्धन किया गया।

### पूर्व आईएफएस बजाज का इस्तीफा, अब प्राईवेट सेक्टर में शिक्षा के लिए करेंगे काम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी एसएस बजाज ने राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। आईएफएस से रिटायर होने के बाद वे छत्तीसगढ़ शासन में संविदा नियुक्त पर काम कर रहे थे। उनके पास नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार भी था। श्री बजाज ने अपना इस्तीफा राज्य के मुख्य सचिव को सौंपा था। उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। लंबे समय तक दी सेवाएं श्री बजाज ने छत्तीसगढ़ में लंबे संमय तक सेवाएं दीं। वे नवा रायपुर के निर्माण के दौरान लंबे समय तक वहां रहे। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया था। आईएफएस के रूप में उन्होंने वन विभाग में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

### नवनियुक्त कांग्रेस के प्रभारी सचिवों ने वेणुगोपाल और पायलट से की मुलाकात

**रायपुर।** नवनियुक्त छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सचिवों ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वास दिलाया की छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और राज्य की जनता के मुद्दों को राजनीति के केंद्र में लाने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, एसए सम्पत व सह सचिव विजय जांगिड़ मौजूद थे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी रिसर्च डिपार्टमेंट के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने दी।

### होटल-ढाबा में पुलिस की दबिश आठ के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संचालित होटल, ढाबों में देर रात तक शराब परोसे जाने की सूचना पर पुलिस ने रविवार देर रात विधानसभा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के आठ होटल, ढाबा, क्लब में छापे की कार्रवाई करते हुए शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, विधानसभा रोड में होटल रायल केस्टल, सोशियल ढाबा आमासिवनी, यूटर्न होटल तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में पाजी द पिंड ढाबा, पंजाब बिस्टो होटल, अन्ना पंजाबी ढाबा तथा पिंटू ढाबा पर कार्रवाई की है।

## निधन

### योगेश्वर प्रसाद तिवारी



**बालोद।** ग्राम झलमला निवासी योगेश्वर प्रसाद तिवारी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नूतन तिवारी व पुष्कर तिवारी के पिता थे।

# नए बजट में युवाओं और आईटी सेक्टर पर रहेगा जोर : वित्तमंत्री चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी बीच राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने नए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में बजट की प्राथमिकताओं के बारे में बताया है। उन्होंने कहा है कि नए बजट में युवाओं और राज्य में आईटी सेक्टर के विस्तार पर फोकस रहेगा। श्री चौधरी साय सरकार का पहला बजट 2024-25 पेश कर चुके हैं।

वित्तमंत्री ने सोमवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- विष्णु सरकार के दूसरे बजट की तैयारी शुरू हो गई है। पहले बजट में कई योजनाओं को शुरू किया गया है। पिछली सरकार में कई कार्यों को सिर्फ दिखावे के लिए स्वीकृत किया गया था, उनके लिए बजट का प्रावधान हमारी सरकार ने किया है। वित्त मत्री ने कहा कि, नए बजट में युवाओं पर फोकस रहेगा। शहरी क्षेत्रों में आईटी सेक्टर को मजबूत करेंगे। बस्तर सरगुजा में पर्यटन को बढ़ाना देने की भी कोशिश रहेगी।

### नियम के मुताबिक कर्ज

राज्य सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे ऋण के सवाल पर उन्होंने कहा- हमने आरबीआई के नियम के तहत की कर्ज लिया है। जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) के एक मानक अनुपात में ही कर्ज लिया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में जीएसडीपी बढ़ रही है, इसलिए कर्ज ज्यादा मिल रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि, हम विकास की योजनाओं के लिए कर्ज ले रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस ने अपनी जेब भरने के लिए कर्ज लिया।



### सरकार में सब अच्छा चल रहा

*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेशवासियों को तीजा पोरा तिहार की बधाई दी। ओपी चौधरी ने कहा कि, प्रदेश में इस बार मानसून अच्छा रहा है। प्रदेश के लिए आज अच्छा दिन है, आज प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की किश्त मिलने जा रही है। विष्णु सरकार में सब अच्छा चल रहा है।*

### एनजीटी के मापदंड की हो रही अनदेखी

# 2500 छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शहर में मात्र 1 कुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में गणेशोत्सव के मौके पर छोटी-बड़ी करीब 2500 गणेश मूर्तियों के विसर्जन करने मात्र एक विसर्जन कुंड है। बाकी जगहों पर नगर निगम प्रशासन प्लास्टिक के ड्रम रखकर अस्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था कर खानापूर्ति कर रहा है, जो एनजीटी के निर्देशों की अवहेलना है।

मूर्तियों के लिए महादेवघाट में विसर्जन कुंड प्रक्रिया आज भी अधूरी है। कलरफुल पानी की निकासी नदी में न कर सिंचाई के लिए इसका उपयोग करने दूसरी लाइन बनाई जानी है, पर इसे वापस नदी में छोड़ा जा रहा है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान निकले सील्ट का उपयोग गार्डन में करना है, पर ऐसा न करके खारुन नदी के किनारे इसे छोड़ा जाता है। नियमों की इस अनदेखी को लेकर सामाजिक संस्था हमर संगवारी एनजीटी जाने वाली है। रायपुर के महादवेघाट के पास स्थित नगर निगम के इकलौते विसर्जन कुंड में हर बार की तरह इस बार भी शहरभर में स्थापित छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लायी जायेंगी।

नगर निगम प्रशासन इस बार भी शहर में अलग-अलग जगहों पर स्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था नहीं कर पाया है, जबकि एक साथ बड़ी संख्या में छोटी-बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक मूर्तियों के लिए बनी कुंड प्रक्रिया आज भी अधूरी है। जानकारों का कहना है, विसर्जन कुंड नॉर्म्स के विपरीत है। नदी को पाटकर विसर्जन कुंड नहीं बनाया जा सकता। केमिकल युक्त रंगीन पानी नदी में नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इससे जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे दूषित पानी को नदी के बाहर सुरक्षित जगह पर छोड़ा जाये।



### न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए

सामाजिक कार्यकर्ता राकेश चौबे का कहना है, विसर्जन कुंड के संबंध में दायर याचिका के कारण 19 मई 2013 को एनजीटी ने फैसला दिया था, जिसमें कहा गया कि सालभर के भीतर विसर्जन कुंड के निर्माण में दिये सारे मापदंड को पूरा किया जाये, पर 14 साल में भी नॉर्म्स पूरा नहीं किया गया। इस मामले में न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए, नहीं तो एक याचिका हमर संगवारी संस्था लगाने की तैयारी में है।

### एनजीटी ने ये कहा था

- मूर्तियों की ऊंचाई 5 फीट से अधिक न हो।
- मूर्तियों के साथ अन्य सामग्री जैसे फूल आदि को ट्रिश साइड अलग-अलग कर ले जाने की व्यवस्था बनाई जाये।
- प्रतिबंधित रंगों को इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।
- प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं में प्रतिबंध
- मूर्तियों के बिक्री स्टॉलों का निरीक्षण होना चाहिए, साथ ही बिक्री नंबर भी आवंटित हो।
- विसर्जन के समय फोटोग्राफी कराई जाये।

### प्रदूषण के साथ जलीय जीवों को खतरा

नदी, तालाब में प्रतिमा विसर्जन नहीं होना चाहिए। इससे जल प्रदूषण के साथ ही जलीय वनस्पति को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। इसके साथ ही पानी में तैरने वाले जीवों को खतरा रहता है। शहर में खारून नदी तट पर बने विसर्जन कुंड के अलावा बूढ़ातालाब सहित अन्य स्थानों पर विसर्जन कुंड की स्थायी व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

- **विपिन दुबे,** भूजल वैज्ञानिक

# पूर्व मुख्यमंत्री के निवास में पोरा मनाने पहुंची सुप्रिया, रागिनी, अल्का

### बघेल ने जताया आभार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकारी निवास में कांग्रेस नेत्री अलका लाम्बा, सुप्रिया और रागिनी ने तीजा पोरा मनाया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बंगले में रायपुर पधारी महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा, एआईसीसी सोशल मीडिया चेयरमैन सुप्रिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक शामिल हुईं।

तीजा पोरा पर्व के दौरान कांग्रेस नेत्री अलका लाम्बा, सुप्रिया और रागिनी छत्तीसगढ़ी गाने पर नाचीं भी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुईं। श्री बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी विशिष्ट लोक संस्कृति और तीज-त्योहारों के लिए देशों दुनिया में विख्यात है। यहां अक्ति में मिट्टी की पूजा, हरेली में कृषि उपकरणों की पूजा, देवारी में पशु पूजा जैसे अनगिनत त्योहारों के द्वारा प्रकृति पूजा की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाता है। आसान भाषा में कहें, तो ये पर्व ये त्योहार छत्तीसगढ़ी जन जीवन का आईना होते हैं। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स में दिल्ली से आई कांग्रेस नेत्रियों के आगमन के लिए सपरिवार आभार जताया।

### छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक का हो आयोजन

तीजा-पोरा कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, परंपरिक खेलों का आयोजन सरकार को कराना चाहिए। कांग्रेस सरकार ने इसके लिए छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक शुरू किया था, उसे फिर से कराना चाहिए। आज के समय में लोग पारंपरिक खेलों को भूलते जा रहे हैं। मोबाइल और टेलीविजन में अधिक समय दे रहे हैं।

# डिप्टी सीएम के बयान पर मेयर का पलटवार, कहा- न चुनाव का बाण फेंका, न रायपुर के साथ भद्दा मजाक

**मास्को से लौटे एजाज ढेबर की दो टूक, पर्सनल टूर नहीं सरकारी आमंत्रण पर गया था मास्को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने नगरीय प्रशासन मंत्री व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है, मैंने न चुनाव का बाण फेंका है,न ही रायपुर शहर के साथ भद्दा मजाक किया। जवाबदार पद पर बैठे डिप्टी सीएम के बयान पर उन्हें आश्चर्य हुआ है। मास्को सरकार के आमंत्रण पर मैं वहां गया था, ये कोई पर्सनल टूर नहीं था। लाइट मेट्रो ट्रेन को लेकर किये गये एमओयू के संबंध में श्री ढेबर ने कहा कि एमओयू की लिमिटेशन वे समझते हैं। हमने एमओयू का प्राथमिक स्टेज पार किया है।

गांधी सदन के महापौर कक्ष में मास्को यात्रा के अनुभव साझा करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने पत्रकारों से चर्चा में ये बात कही। उन्होंने बताया कि मास्को में आयोजित इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट समिट में 160 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें चीन, ब्राजील, मध्य एशिया, अफ्रीका सहित अन्य देश के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस सम्मेलन में रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने का मौका मिला। रायपुर में लाइट मेट्रो ट्रेन चलाने प्रस्तुतिकरण दिया गया। 1862 से रशिया में मेट्रो ट्रेन चलाई जा रही है।

विदित हो कि महापौर के इस अंतर्राष्ट्रीय दौरे को लेकर विपक्ष ने कई आरोप लगाये और मास्को यात्रा के दौरान हुए एमओयू को बेबुनियाद करार दिया था। इन आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए एजाज ढेबर ने बताया कि वर्ष 2023 से लेकर अब तक उन्हें मास्को अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट समिट में बुलाया जाता रहा है।

रायपुर में लाइट मेट्रो को लेकर आपने राज्य शासन की अनुमति ली कि नहीं? सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी राज्य सरकार से अनुमति वाला स्टेज नहीं आया है। बाहर से टेक्निकल टीम जब रायपुर आएगी, तब उनकी जरूरत पड़ेगी। पीपीपी मॉडल पर लाइट मेट्रो का कंसेप्ट प्रस्तावित है। इस पर दलगल राजनीति से उठकर सोचने की जरूरत है।



# योजना-सांख्यिकी विभाग में सीसीटीवी कैमरों के लिए आ रहे प्रस्ताव, गाइड लाइन में नहीं इसलिए मंजूरी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मारपीट, चोरी, लूट, उठाईगिरी, हत्या जैसी अपराधिक वारदातों से लेकर सड़क दुर्घटना होना अब आम बात हो गई है। इस तरह की वारदात व दुर्घटना कहीं भी किसी भी समय हो सकती है। इस तरह की वारदातों एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस रात्रि गश्त, जागरूकता अभियान सहित कई तरह के प्रयास करती है, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद अचानक होने वाली या योजनाबद्ध तरीके से घटित वारदात या दुर्घटना को रोक पाना पुलिस के लिए भी मुश्किल है।

हालांकि इसके बाद भी पुलिस अपनी सक्रियता से घटनास्थल पर मिले सबूतों, गवाहों एवं सीसीटीवी कैमरों के फूटेज के माध्यम से कई मामलों में अज्ञात आरोपियों को ढूंढ निकालकर गिरफ्तार तक करती है, लेकिन कई बार सिर्फ सबूत एवं गवाह काम नहीं आते हैं। कैमरे के फूटेज अहम हो जाते हैं, जिससे आरोपियों की पहचान जल्द हो पाती है। यही कारण है कि अब आम लोग भी विधायकों से स्कूल-कॉलेज के आसपास से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की डिमांड करने लगे हैं।



### जनता की डिमांड पर विधायक भी अनुशंसा प्रस्ताव भेज रहे

*आम लोगों की डिमांड पर अब विधायक भी सीसीटीवी कैमरे की मांग करते हुए योजना एवं सांख्यिकी विभाग को अनुशंसा करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा से उनके विधानसभा क्षेत्र के लोगों द्वारा कई सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की डिमांड की गई है। इस डिमांड पर विधायक ने विभाग को प्रस्ताव भेजकर अनुशंसा भी की है, लेकिन विधायक निधि की गाइड लाइन में सीसीटीवी कैमरे की खरीदी संबंधी कार्य शामिल नहीं होने के कारण विभाग द्वारा अब तक प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी गई है।*

### गाइड लाइन में शामिल होना चाहिए

विधायक निधी की गाइड लाइन में सीसीटीवी कैमरे की खरीदी कर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने संबंधी कार्य को भी शामिल किया जाना चाहिए। लगातार डिमांड आती है। प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।

- पुरंदर मिश्रा, विधायक, उत्तर विधानसभा क्षेत्र

### समय-समय पर भेजते है प्रस्ताव

समय-समय पर कैमरा लगाने के लिए प्रस्ताव बनाये जाते हैं, जिसे स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा जाता है। विधायक या अन्य किसी के माध्यम से अभी सीसीटीवी कैमरे लगाने संबंधी डिमांड नहीं आई है। मांग आएगी तो प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजेंगे।

-संतोष सिंह, एसएसपी रायपुर

### विधायक निधी में कई कार्य शामिल पर सीसीटीवी कैमरा नहीं

विधायक निधी में विभिन्न कार्य शामिल हैं। इनमें सामुदायिक भवन, सड़क निर्माण, पुल-पुलिया का निर्माण, स्कूल कक्ष का निर्माण, एंबुलेंस क्रय, स्कूल खेल मैदान, पेजजल योजना, व्यायाम शाला सहित कई तरह के अन्य कार्य भी शामिल हैं। इन कार्यों के लिए विधायक द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांग पर विधायक निधी की राशि से स्वीकृति देकर इसका प्रस्ताव बनाकर जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को भेजकर अनुशंसा की जाती है, जिसे विभाग मंजूरी देता है, पर सीसीटीवी कैमरा खरीदी कार्य विधायक निधी की गाइड लाइन में नहीं है।

**प्रदेश में 3000 अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए, 8 महीने में 600 से अधिक रेप**

# आखिर कितनी निर्भया चाहिए, श्रीनेत ने सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और सोशल मीडिया की राष्ट्रीय चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने महिला सुरक्षा मुद्दे पर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज इस देश में आधी आबादी के लिए कोई जगह भी नहीं बची है। आज पूरा देश सदमे में है। पश्चिम बंगाल में जो हुआ उसके साथ ही देशभर में जो हो रहा है, वो सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। आखिर उन्हें कितनी निर्भया चाहिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में चाहे रायगढ़ में सामूहिक रेप की घटना हो, रायपुर में बसस्टैंड में बलात्कार की घटना हो, कोंडागांव की घटना में 20-20 दिन तक एफआईआर नहीं लिखी जाती। सरकारें क्या कर रही हैं। रायपुर के राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, छत्तीसगढ़ भी महिलाओं के लिए असुरक्षा से अछूता नहीं। रायपुर और भिलाई में दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में महिलाओं से ज्यादती के मामले सामने आए हैं। सरकार दुराचारी को बचाने में जुट जाती है। पीड़ित महिला को दर-दर भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले 8 महीने में 600 से अधिक रेप हुए हैं। प्रदेश में 3000 अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार हो रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार इन मामलों में पर्दा डालने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। आधी आबादी के साथ दुष्कर्म पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।



### श्रीनेत के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

सुप्रिया श्रीनेत के सरकार पर लगाए गए आरोपों पर भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, उन्हें कंगना रनौत के मंडी से चुनाव लड़ने को लेकर किए गए पोस्ट पर, राधिका खेड़ा के मसले पर, मनु शर्मा ने जो तंदूर कांड किया और जेसिका लाल हत्याकांड पर भी बयान देना चाहिए। सुप्रिया श्रीनेत को भूपेश बघेल सरकार के दौरान हुए महिलाओं पर अत्याचार नहीं दिखता। भूपेश सरकार में 6 महीने में 1294 रेप की घटनाएं हुई थीं और हमारी सरकार में 600 हुआ, तो सुप्रिया श्रीनेत और कांग्रेस पार्टी रुदन कर रही है। हमारी सरकार अपराध पर काबू कर रही है। सूखे नशे पर भी नकेल कस रहे हैं। भाजपा की सरकार महिलाओं को सम्मान देती है। उन्होंने कहा, अपराध की जड़ सट्टा और सूखा नशा है, इसको हमारी सरकार खत्म करेगी। महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 से 20 प्रतिशत की कमी आई है। कांग्रेस पार्टी अपने अपराधों को छिपाने के लिए आरोप लगाती है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ललित ने जताया मुख्यमंत्री साय का आभार



**अंडा।** महतारी वंदन योजना की 7वीं किश्त जारी करने पर विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि माता बहनों को तीजा पर्व पर महतारी वंदन योजना की राशि मिलने से दोहरी खुशी मिली है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव व असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस बार पोरा त्योहार के अवसर पर इसकी 7 वीं किश्त जारी की गई। श्री चंद्राकर ने कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण भाजपा की पहली प्राथमिकता है।

### बिजली की आंख मिचौनी से बर्रापारा के ग्रामीण परेशान

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत गंजईडीह के आश्रित ग्राम बर्रापारा (संजारी) में विगत चार-पांच माह से विद्युत विभाग द्वारा बिजली की आंख-मिचौनीको दूर करने कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है। बर्रापारा में आये दिन अनावश्यक विद्युत कटौती व वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। इसके कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में विषैले जीव जंतु व मच्छर का प्रकोप बना रहता है जिससे ग्राम के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर विद्युत विभाग को ग्रामवासियों द्वारा कई बार समस्या के निराकरण के लिए सूचित किया गया, लेकिन विद्युत-विभाग की लापरवाही व मनमानी के कारण इस दिशा में उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। देखा जाए तो यह समस्या पूरे क्षेत्र में बनी हुई है, थोड़ी सी बरसात होने पर घंटों बिजली बंद रहती है।

# जिले की 2 लाख 53 हजार महिलाओं के बैंक खाते में पहुंची महतारी वंदन योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार पोरा के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख माताओं एवं बहनों के बैंक खाते में 01–01 हजार रूपये की राशि का अंतरण किया है। इस योजना से बालोद जिले की 2 लाख 52 हजार 996 महिलाएं भी विगत 7 माह से निरंतर लाभान्वित हो रही हैं।

तीजा–पोरा त्यौहार के अवसर पर बालोद जिले की महिलाओं ने अपने बैंक खातें में 01–01 हजार राशि अंतरित होने पर खुशी जाहिर करते हुए अपने विष्णु भैय्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने योजना के तहत जारी की 7वीं किश्त की राशि

■ लाभान्वित महिलाओं ने कहा– मुख्यमंत्री साय भैया की तरह रख रहे हमारा ख्याल

### अब हर माह की शुरूआत त्यौहार की तरह

इसी प्रकार कामिन बाई और गणेशिया साहू ने महतारी वंदन योजना के तहत सातवीं किश्त की राशि आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भैया की तरह हमारा ख्याल रख रहे हैं। हमें प्रतिमाह 01 हजार की राशि सीधे हमारे बैंक खाते में दे रहे हैं। हमारे लिए अब हर माह की शुरूआत किसी त्यौहार से कम नहीं होती। उन्होंने कहा कि मोबाइल में महतारी वंदन योजना की राशि आने का मैसेज देखते ही खुशियों से हमारा आत्मविश्वास जाग जाता है। बालोद जिले की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना को सराहते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बहुत–बहुत धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।



जिले के ग्राम झलमला की माधुरी मानिकपुरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रतिमाह महतारी वंदन योजना के तहज 01 हजार रूपए उनके खाते में मिल रहा है। इस राशि का वे बेहतर उपयोग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस माह तीजा–पोरा त्यौहार के अवसर पर हमारे विष्णु भैय्या ने बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त का अंतरण किया है। इस राशि से वह खुशी–खुशी तीजा का त्यौहार मनाएगी। सविता ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने तीजा–पोरा त्यौहार के अवसर पर हमें महतारी वंदन योजना का राशि उपलब्ध कराया है इससे मैं साड़ी खरीदूंगी और तीजा के लिए अपने मायके जाउंगी।

## समीक्षा : कलेक्टर चंद्रवाल ने साप्ताहिक समय-सीम बैठक में दिए निर्देश

# विकासकार्यों की गुणवत्ता व प्रगति के लिए फील्ड विजिट करें अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर केन्द्र व राज्य शासन के अंतर्गत जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर विभागीय कार्यों का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

चन्द्रवाल ने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनाने के पूर्व फील्ड का मुआयना करने से वस्तुस्थिति का भलि–भाँति आंकलन हो जाता है। इससे योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं मदद मिलने के साथ–साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नियमित रूप से फील्ड विजिट करने से शासकीय कामकाज में कसावट भी आती है। बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों से उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं राज्य शासन से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।



### जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में सुनिश्चित करें पानी की आपूर्ति

चन्द्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा से जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में 30 अगस्त को आयोजित प्रबंधन समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में पानी की समुचित आपूर्ति सुनिचित करने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इसका समुचित प्रचार–प्रसार कराने को कहा।

बैठक में चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अंतिम छोर पर सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्राम हुच्चेटोला का नियमित रूप से भ्रमण कर ग्रामीणों की मांग एवं स्थानीय परिस्थिति के आधार पर इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

### हुच्चेटोला के ग्रामीणों की आय दोगुनी करने के उपायों पर की चर्चा

चन्द्रवाल ने पशुपालन विभाग के उप संचालक से ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों को उनके रूचि के अनुसार पशुपालन, व्यवसाय तथा अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक से ग्राम हुच्चेटोला में उनके विभाग के द्वारा बारहमासी एवं उन्नत प्रजाति के फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने के अलावा उन्होंने आधुनिक कृषि यंत्रों एवं खाद, बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने श्रम, महिला एवं बाल विकास, क्रेडा आदि विभागों द्वारा ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की।

# भाजपा के सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुआत का कार्यक्रम 2 सितंबर को सीधा प्रसारण किया गया, जिसे पूरे देशभर में देखा गया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी 18 करोड़ सदस्यों की पार्टी है। देश में 1500 से अधिक राजनीतिक दलों में केवल भारतीय जनता पार्टी ही अपने संविधान के साथ चलती है। इसीलिए भाजपा के संविधान के अनुच्छेद 9 के अंतर्गत 6 वर्षों में सदस्यता का नवीनीकरण करना पड़ता है। पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने बताया कि इस बार भाजपा 10 करोड़ नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर सदस्यता अभियान चला रही है। भाजपा में ही प्रजातांत्रिक तरीके से कार्य होते हैं। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के प्रथम, द्वितीय चरण के बाद सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। उसके पश्चात बुथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक चुनाव आरंभ होंगे। 2 सितंबर से 25 सितंबर तक सदस्यता अभियान का प्रथम चरण एवं 1 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक द्वितीय चरण के बाद सक्रिय सदस्यता का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 17 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। उसके बाद जिला मंडल एवं बूथ स्तर पर प्रशिक्षण की कार्यशाला रखी गई थी। चार लाख से अधिक बुथ पर यह कार्यशाला हो चुकी है। सदस्यता अभियान के शुभारंभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय बालोद में जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण प्रेम साहू, मंडल अध्यक्ष लोहारा रूपेश सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू, महामंत्री चित्रसेन साहू, दारा सिंह भैसार्य, वीरेंद्र साहू सहित अनेक कार्यकर्ता आनलाइन जुड़े।

## जनपद पंचायत गुरूर में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिव और अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में नवाचार प्रारंभ करते हुए 28 अगस्त को जनपद पंचायत बालोद के उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रनिधियों को सम्मानित किया।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जनपद पंचायत गुरूर के सरपंच, सचिव, कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण–पत्र भी वितरित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण, एनआरएलएम के लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार अपने ग्रामों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु विशेष पहल करने के साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान में हिस्सेदारी लेते हुए सभी को अपनी माता के नाम से वृक्षारोपण कर रोपित पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल करने अपील की गई है। उन्होंने सभी सरपंचों से अपील की कि 15वें वित्त आयोग द्वारा पूर्व में प्राप्त राशि का गाईडलाईन के अनुसार 80 प्रतिशत खर्च करने उपरांत आगामी राशि प्राप्त होगी इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें।







इसके साथ ही उन्होंने सरपंचों से कहा कि ग्राम पंचायतों में समस्त सामग्रियों की खरीदी जेम–पोर्टल के माध्यम से ही करें। उन्होंने सरपंचों को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के सुगम संचालन में सहयोग प्रदान करने व चिन्हांकित कुपोषित बच्चों एवं ऐनिमिक महिलाओं को सुपोषण चौपाल के माध्यम से सुपोषित करते हुए अपने ग्राम पंचायतों को सुपोषित ग्राम पंचायत बनाने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर पहल करने की अपील की है। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी, मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम, एसबीएम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ठेकवाडीह में युवाओं व कर्मचारी संघ ने उठाया पौधों के संरक्षण-संवर्धन का बीड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में युवा एवं कर्मचारी संघ द्वारा 300 पौधों को संरक्षण एवं संवारने की बीड़ा उठाया है।सप्ताह में एक दिन पानी, खाद, साफ सफाई, सुरक्षा, स्वच्छता पखवाड़ा का कार्य करते हैं।

संघ के सदस्य 4 वर्ष से साहू सदन, गौठान, हाईस्कूल, प्राइमरी स्कूल, सड़क, तालाब के आस पास पौधारोपण कर देख रेख कर रहे हैं। ग्रामीणों एवं ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत, कर्मचारी का हमेशा सहयोग इस कार्य में मिलता है। इस तरह उनके संरक्षण व देखरेख में पूरे 300 पौधे आज भी जीवित हैं और बढ़ रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय एवं सार्वजनिक स्थलों पर उगे कंटीले खरपतवार व कूड़ा करकट का सफाई अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जगत राम साहू, यशवंत कुमार साहू, केशव राम साहू, उदय राम साहू, जगमोहन साहू, नोवेन्द्र साहू, भूपेश साहू का सहयोग रहा।




# पीएमश्री स्कूल में जन्माष्टमी पर हुए विविध कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला में कृष्णा जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने कृष्ण और राधारानी की आकर्षक वेशभूषा में नृत्य की संगीतमय प्रस्तुति दी। आँखों पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ प्रतियोगिता रखी गई। साथ में बच्चों ने दही लूट का आनंद लिया। थाली सजावट में पूर्वी, तामेश्वरी, रुचि, मटका सजावट में ईशा, ओजस्वी, हांडी फोड़ लक्की कक्षा 4थी, दही लूट देवेंद्र, शुभम, उमाशंकर, डिकेश , मयंक, कोनाल, भास्कर, थानेश्वर, टुलेंन्द्र, रोहन सहित अनेक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कुमार संभव देवांगन एवं राजेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक टोमन मालेकर, प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार व सुनीता साहू तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाठागांव आर विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक रोमन बच्चों को पढ़ाएंगे वाणिज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



■ शाला प्रबंधन समिति के आग्रह पर दी सहमति

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केके साहू पदभार ग्रहण करते ही बच्चों के हित में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने शासन से मांग कर इंतजार करने के स्थान पर बच्चों को तत्काल लाभ हो इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसका लाभ भी बच्चो को मिलने लगा है।

विद्यालय में वाणिज्य संकाय के शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यालय में इस विषय से पढ़ने वाले बच्चे प्रभावित हो रहे थे, जिसे देखते हुए नव नियुक्त शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केके साहू व सभी सदस्यों ने सेवानिवृत्त शिक्षक भाठागांव आर के रोमन साहू जो वाणिज्य संकाय के शिक्षक थे, उनसे वाणिज्य संकाय के अध्यापन का अनुरोध किया। इस पर रोमन साहू ने अध्यापन की सहमति दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केके साहू ने बताया कि अब वाणिज्य संकाय में पढ़ने वाले बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ेगा और पढ़ाई में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का एक एक दिन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, उनमें क्षमता एवं लगन भी है, हमारा प्रयास रहेगा कि हम उनके अनुभवों एवं उनके ज्ञान का लाभ बच्चों को दिला सकें।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्राम तितुरगहन में लगा पशु चिकित्सा शिविर

**गुरूर।** पशु चिकित्सालय गुरूर की ओर से ग्राम पंचायत गंगोरीपार के आश्रित ग्राम तितुरगहन में पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण के साथ ही चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम में पशुओं को खुरहा चपका से बचाने टीके लगाए गए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके विश्वकर्मा, सहायक पशु निरीक्षक क्षेत्र अधिकारी विकास देवांगन, आशीष साहू, चन्द्राकर टालदार, शिवकुमार साहू, नारायण निषाद, कांती साहू, सौपसिंह ठाकुर, संतोष यादव, मुकेश साहू, राजेन्द्र, कोटवार रामगोपाल, गौकरण साहू उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में मनाया गया पोला पर्व




**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में कृषि संस्कृति पर आधारित छत्तीसगढ़ी लोक पर्व पोला त्यौहार मनाया गया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखीत राम कलिहारी, आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर कुमार साहू, दीदी टुमेश्वरी पटेल, छबिलता पटेल, चितेश्वरी साहू, बीना साहू, लिलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा एवं शिशु व बाल भारती के पदाधिकारी भईया बहनों ने नंदी बैल, पोरा-चुकिया, चूल्हा की पूजा की। इस अवसर पर गुलगुल भजिया व चीला का भोग लगाया गया। कामता प्रसाद साहू ने पोला त्यौहार के संबंध में जानकारी दी।

### बटरेल शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान पर हुई कार्यशाला



**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी कमलेश साहू, रूपेंद्र साहू, प्राणनाथ साहू, किरण यादव, मनीष यादव, दिनेश देवांगन, रेवा साहू, सोनसाय साहू, संतानु माहेश्वरी, सुरुजलाल निर्मलकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 4 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। शिविर में सर्व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**आयोजन**

**मटका फोड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी के साथ ही रस्साकसी का किया गया आयोजन**

# सिरपुर बगईकोन्हा में हुईं खेल प्रतियोगिताएं बालिकाओं और महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में पोला पर्व के अवसर पर शिक्षक मोहित भौसार्य एवं पीलू साहू के सौजन्य से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 18 से 60 वर्ष तक की माता-बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। एकल खेल में मटका फोड़, सुरीली कुर्सी दौड़, फुगड़ी के साथ ही सामूहिक खेल रस्साकसी का आयोजन किया गया।

मटका फोड़ प्रतियोगिता में नीरा साहू प्रथम व नीरा राणा द्वितीय, सुरीली कुर्सी में प्रीति साहू प्रथम व उत्तरा भौसार्य द्वितीय, फुगड़ी में गायत्री भौसार्य प्रथम व प्रीति साहू द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह रस्साकसी में भारती रावटे, प्रतिमा भौसार्य, सगरी भौसार्य, उत्तरा भौसार्य, सुनीता भौसार्य, नेमीन ओडमडिया, लीलाबाई रावटे व राजिम खरे की



टीम पहले स्थान पर रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में कीर्तन साहू, पूरन साहू, इंदर सिंह उईके अन्नूराम नायक, चैतराम साहू, पंचूराम भौसार्य, चैतू राम रावटे, लुषन निषाद, प्रेमसिंह रावटे होम लाल तारम, सहित भारत माता वाहिनी के सदस्यों तथा ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को तीज पर्व की बधाई देते हुए 16 श्रृंगार सामग्री पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। अंत में सभी को उल्लास नवभारत साक्षरता की शपथ दिलाई गई।

## रुपूटोला में आदर्श क्रिकेट क्लब रेंगाकठेरा ने जीती प्रतियोगिता

**गुरूर।** ग्राम पंचायत हितेकसा के आश्रित ग्राम रुपूटोला में रुही इलेवन के तत्वावधान में 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 35 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें आदर्श क्रिकेट टीम रेंगाकठेरा (गुण्डरदेही) प्रथम रही। रुही इलेवन क्रिकेट टीम रुपूटोला द्वितीय, स्टार इलेवन क्रिकेट टीम कोसमी तृतीय एवं बजरंग क्रिकेट टीम ढेरकोहका (चारामा) चतुर्थ स्थान पर रहे।

इसके साथ ही बेस्ट बैट्समैन अजय रनकठेरा, बेस्ट बालर यशवंत रुपूटोला, मैन आफ द सीरीज अजय रनकठेरा, बेस्ट आलराउंडर जयंत यादव कोसमी, बेस्ट विकेट कीपर मोन्टू रनकठेरा, बेस्ट अनुशासित टीम ढेरकोहका, बेस्ट महिला दर्शक भगवन्तीन बाई, बेस्ट पुरुष दर्शक अज्जू राम रुपूटोला रहे। सभी विजेताओं को सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सरपंच ने कहा कि सभी लोगों को आपसी सामंजस्य से खेल का प्रदर्शन करना चाहिए।



अध्यक्षता कर रहे गोटाटोला स्कूल के प्रधानपाठक अभय राम धुवे ने कहा कि खेल जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। दुलार साहू, बिजेश्वरी कोवाची, सीता बाई पोया विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर गौतम सिन्द्राम, प्रमोद नागवंशी, जगेश्वर कोवाची, चन्द्रशेखर, भोजराम, लोकेश, गुलाब ठाकुर, भरत, सुनील, चम्मन सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## नेत्र विशेषज्ञ डॉ मिश्रा का सेवाकाल पूर्ण, स्टाफ ने रखा सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम इकाई बालोद के जिला नोडल अधिकारी डॉ एके मिश्रा नेत्र विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालोद का सेवाकाल 31 अगस्त को पूर्ण हो गया। जिला नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा सम्मान में सेवा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एके मिश्रा थे, अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी ने की। विशेष अतिथि सिविल सर्जन डॉ आरके श्रीमाली, डॉ माण्डले, डॉ बीएल रात्रे, डॉ जितेन्द्र सिंह, डॉ मोनिका नेताम, सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा थे। कार्यक्रम में आईं डॉ मिश्रा की धर्मपत्नी का भी शॉल व श्रीफल से




डॉ मोनिका नेताम ने स्वागत किया। स्वागत गीत प्रेम साहू, श्याम सुंदर देवांगन एवं सोनल राजपुरिया ने प्रस्तुत किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूर्यवंशी ने नेत्रदान के संबंध में जानकारी दी। वहीं, सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने नेत्रदान कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। कार्य योजना अनुसार समस्त विकासखण्ड में कार्य किये जाने एवं नेत्र जांच शिविर रैली, बैठक किये जाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी बीआर बारले, सीएस मार्शल, कुशल साहू, डिगेश देवदास, श्याम सुंदर देवांगन, मुकेश साहू, मीरी, टकेश्वरी देवांगन, सोनल राजपुरिया, अर्चना ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### बियर बार के सामने मिली युवक की लाश

**भिलाई।** सोमवार को बार के सामने एक युवक की लाश मिली। सूचना पर मौके पर पहुती पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का शिनाख्त दिनेश यादव 40 वर्ष के रुप में हुई। मृतक दिनेश राजधानी बार के पीछे सरकारी स्कूल के पीछे कालोनी में अपने ससुराल में निवास करता था। मृतक का भाई मोनू यादव के मुताबिक 3 सितंबर की सुबह 9 बजे कॉलोनी के युवकों ने राजधानी बार के सामने भाई की लाश पड़े होने की जानकारी दी। लोग पहुचे और शव का शिनाख्त किया। मृतक विवाहित है उसके दो बच्चे भी हैं। पत्नी परागा यादव हाउस वाइफ है। दिनेश फौजी नगर में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार की रात घर से ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला था। ड्यूटी न जाकर शराब पीने के लिए बार में बैठ गया था।

## नगर सहित अंचल में धूमधाम से मना पोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर सहित अंचल में पोला का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्यौहार पोला के अवसर पर किसानों ने जहां बैलों की पूजा की, साथ ही मिट्टी से बने नंदी बैल एवं जांता-पोरा सहित अन्य खिलौनों की पूजा की गई। इसके साथ ही चीला-गुलगुला सहित अन्य छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया गया। त्योहार पर नन्हे मुन्ने बच्चे नंदी बैल एवं जांता-पोरा सहित अन्य खिलौनों से खेलते नजर आए।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ का पोरा-तिहार मूल रूप से खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है। खेती किसानी में बैल और गौवंशीय पशुओं के महत्व को देखते हुए इस दिन उनकी पूजा की गई। वहीं, कई स्थानों पर बैलों को सजा कर बैलदौड़ का भी आयोजन किया गया। घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया जैसे पकवान तैयार किए गए।



### अब तीजा को लेकर दिख रही रौनक

छत्तीसगढ़ में तीजा (हरतालिका तीज) की विशिष्ट परम्परा है। महिलाएं तीजा मनाने ससुराल से मायके आती हैं। तीजा मनाने के लिए बेटियों को पिता या भाई ससुराल से लिवाकर लाते हैं। छत्तीसगढ़ में तीजा पर्व की इतना अधिक महत्व है कि बुजुर्ग महिलाएं भी इस खास मौके पर मायके आने के लिए उत्सुक रहती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करू भात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखती हैं। तीजा के दिन मिट्टी का शिवलिंग बनाया जाता है, फूलों का फुलेरा बनाकर साज-सज्जा की जाती है और महिलाएं भजन-कीर्तन कर पूरी रात जागकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करती हैं। दूसरे दिन सुबह फलाहर कर व्रत तोड़ा जाता है। तीजा त्यौहार के लिए बहन-बेटियों का मायके जाना शुरू हो गया है।

## मनुष्य को नशा, मांसाहार व जुआ जैसी बुरी आदतों से बचना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

जैन भवन में चल रहे पयुर्षण पर्व पर प्रतिदिन धार्मिक प्रयोजनों में तप त्याग के अलावा अच्छा जीवन जीने की सीख दी जा रही है। इस अवसर पर भाई गौतम पारख, प्रमोद चोपड़ा ने शा स की य बालक उच्चतर मा ध्य मि क शाला के 200 बालकों को बताया कि आज युवा वर्ग अपने रास्ते से भटक चुका है। शराब, गांजा जैसे नशीले पदार्थों का सेवन कर रहा है। इससे युवा वर्ग अंधकार में डूबता चला जा रहा है।

■ जैन भवन में चल रहे पयुर्षण पर्व पर दी जा रही सीख

उन्होंने कहा कि स्वार्थ और स्वाद के लिए मांसाहार ही महामारी का कारण है। कुछ लोग मानते हैं कि मांसाहार कुछ पंथों और मजहबों में स्वीकृत आहार है, लेकिन ऐसा नहीं नहीं है। कोई भी धर्म हिंसा करने



और निरीह पशु-पक्षियों का वध कर उसे आहार के रूप में उपयोग में लेने का संदेश नहीं देता है। दुनिया के सभी धर्म अहिंसा, दया, करुणा, सहयोग, परोपकार और सहअस्तित्व का ही संदेश देते हैं। विश्व के सभी संत महात्माओं ने हर प्राणी मात्र में ईश्वर का अंश देखा है। हर जीव को परमात्मा की संतान कह कर पुकारा है। ऐसे में स्वार्थ और स्वाद के लिए किसी जीव को मारना परमात्मा का अपमान तो है ही, साथ ही महापाप भी है। जीव हत्या करना किसी भी धर्म शास्त्र में नहीं लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कहीं लिखा है, तो वह धर्म और शास्त्र नहीं है। मांसाहार और शराब ऐसी चीज है, जो जीवन के लिए हर हाल में बुरी है।

वक्ताओं ने कहा कि जैसा भोजन होगा वैसा ही मानव का जीवन होगा। खानपान का शुद्ध होना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से कहा कि संकल्प लें कि अपने जीवन में हमेशा सात्विकता रखेंगे और मद्यपान नहीं करेंगे। ऐसा करने से ही जीवन काफी सुखमय होगा। भोजन ये सोच कर करो कि मैं ये नहीं खा रहा हूं वरन मेरे अंदर मौजूद परमात्मा खा रहे हैं, तो क्या आप मांसाहार कर पाओगे। क्योंकि ऐसा भोग भगवान को नहीं लगाया जा सकता है। इसी तरह आदमी शराब नहीं पीता वरन शराब आदमी के सुखमय जीवन को पी जाती है। मांसाहार व शराब से दूर रहें, क्योंकि ये वासना को भड़काता है।

**विद्यार्थियों ने मांसाहार, नशा व गलत संगत से दूर रहने का लिया संकल्प:** मानव जीवन को नशा, मांसाहार बर्बाद कर देता है। इससे मुक्त होकर ही चरित्रवान जीवन जिया जा सकता है। महापुरुषों की वाणी से प्रभावित होकर स्कूली छात्रों ने अपने आप को नशा पान और गलत संगतों से दूर रखने का संकल्प लिया। स्कूल के प्राचार्य अशोक तिवारी, श्री नायक ने जैन समाज का आभार माना। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सुभाष ढेलड़िया, पूनम कोठारी, मांगी लाल गुणधर, पिन्टू राजेंद्र नाहर उपस्थित थे।

## दिवंगत शिक्षक को दी गई श्रद्धांजलि पदोन्नत प्रधानपाठक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक विद्यालय चारभाठा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक खिलावन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी शिक्षिका वीणा ठाकुर एवं प्रधानपाठक पदोन्नत शिक्षक पुलस्त्य कुमार साहू का सम्मान किया गया।

■ शासकीय प्राथमिक विद्यालय चारभाठा में हुआ कार्यक्रम

समारोह में सरपंच, एसएमसी अध्यक्ष, ग्राम प्रमुख एवं समस्त अतिथियों ने दिवंगत शिक्षक के कार्यों की सराहना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सभी ने पदोन्नत शिक्षक पुलस्त्य कुमार के कार्य व व्यवहार की सराहना करते हुए पदोन्नति के लिए बधाई एवं



शुभकामनाएं दीं। पदोन्नत हुए हेडमास्टर पुलस्य कुमार साहू ने कहा कि गुरु शिष्य का भाग्य निर्माता माना जाता है, लेकिन साथ यह भी तो है कि शिष्य गुरु का अन्नदाता भी तो है। स्कूल में शिष्य आते है तब हम गुरु हैं और शिष्यों का भाग्य निर्माण करते समय गुरु में जो निरंतर निखार आने लगता है, तब गुरु निखरते हुए सेवानिवृत्त होते तक गर्व के साथ बाकी जीवन गौरवान्वित होकर जीने लायक बन पाता है। पदोन्नत शिक्षक पुलस्त्य कुमार साहू ने सबका मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक कृष्ण कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में सरपंच मोहिनी साहू, प्रधानपाठक कृष्ण कुमार साहू, एसएमसी अध्यक्ष यशवंत साहू, ग्राम प्रमुख बसंत मारकंडे, मन्नूलाल साहू, कार्तिक राम कोसरे, चेतनलाल साहू, नोहर साहू, लूरसिंह मारकंडे, नीरा मारकंडे, राधिका साहू, आंगनबाडी. कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित दोनों शिक्षक के परिवारजन, नागरिक, मातृशक्ति, पालकगण एवं विधाथएँ विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मां बहादुर कलारिन कालेज में प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ

गुरूर। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसमें आनलाइन प्रवेश के लिए पोर्टल 31 अगस्त से 14 सितंबर तक फिर से प्रारंभ की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर बी.ए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी योगा इन एजुकेशन, बीएससी आईटी प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन कर उसकी हार्डकॉपी संलग्न दस्तावेज के साथ कार्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू**

## घर के साथ विद्यालय को भी रखें साफ : अंगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सितंबर के प्रथम पखवाड़े भर चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में प्रथम दिवस विद्यालय के प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। स्वच्छता के संबंध में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए।

■ छात्र-छात्राओं को स्वच्छता अपनाने किया गया प्रेरित

द्वितीय दिवस हाथ धुलाई, वर्षा जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए व्याख्याता दीपिका मारकंडे ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही शाला



विकास प्रबंधन समिति और पालक शिक्षक पालक शिक्षक समिति का बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान अध्यक्ष नरेश केला ने स्वच्छता अभियान पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को इस पर अमल करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने अपने घर के साथ ही विद्यालय को भी स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। पालक समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने पालक बालक और शिक्षक सभी को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा ने स्वच्छता के अभाव में होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए अपने गांव, समाज और कार्य स्थल को स्वच्छ रखने की अपील की। सभा को चित्रकांत साहू, पीहू देवांगन, चेतिका साहू, एकता साहू, माही मस्के ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पालक समिति के सदस्य तामेश्वर देवांगन, संजय राठी, पूनम साहू, शैलेंद्र बंछोर, रेवा राम साहू, टुकेश्वर कश्यप शिक्षक निलक्षी मुखोपाध्याय, दीप्ति प्रधान, हेमा राजपूत उपस्थित थे।

